ఆంధ్రాబ్యాంక్
(భారత ప్రభుత్వ సంస్థ)
आन्ध्रा बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
Andhra Bank
(A Govt. of India Undertaking)

आन्ध्रा बैंक Andhra Bank
प्रधान कार्यालय HEAD OFFICE
''डॉ. पट्टाभि भवन'' "Dr. PATTABHI BHAVAN"
5-9-11, सैफाबाद 5-9-11, SAIFABAD
हैदराबाद - 500 004. HYDERABAD - 500 094.

विभाग DEPT: Merchant Banking Division
Telefax 040-23230883;Tel.No.040-23252371
E-mail: mbd@andhrabank.co.in;

Lr.No.666/25/P.71V/553 Dt: 02.02.2018

The National Stock Exchange
Of India Limited
Exchange Plaza
Bandra Kurla Complex
Bandra (East)
Mumbai – 400 051.
Fax: 022-26598237/38
cmlist@nse.co.in;

SYMBOL: ANDHRABANK

Dear Sir,

Sub: Copy of the EGM NOTICE- Extraordinary General Meeting of Shareholders of the Bank – Regulation 30 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

Ref: Our Lr.No. 666/25/P.71V/534 dated 29.01.2018

Further to our letter no. 666/25/P.71V/534 dated January 29, 2018, we enclose copy of Notice of the Extraordinary General Meeting proposed to be convened on Monday, March 12, 2018, at 11.00 A.M. at Andhra Bank Head Office, Dr. Pattabhi Bhavan, 5-9-11, Saifabad, Hyderabad – 500004.

This is for your information and records.

Yours sincerely,

(Ruchi R)
कंपनी सचिव Company Secretary

Encl: as above

Andhra Bank M.B. Division HYDERABAD

आन्ध्रा बैंक
Andhra Bank

असाधारण सामान्य बैठक

सोमवार, 12.03.2018, को सुबह 11.00 बज़े

स्थान : प्रधान कार्यालय : डॉ. पट्टाभि भवन, 5-9-11, सैफाबाद, हैदराबाद – 500 004.

EXTRAORDINARY GENERAL MEETING

on

Monday, 12.03.2018 at 11.00 am

at

Head Office : Dr. Pattabhi Bhavan, 5-9-11, Saifabad, Hyderabad - 500 004

प्रधान कार्यालय : डॉ. पट्टाभि भवन, 5-9-11, सैफाबाद, हैदराबाद – 500 004.

Head Office: Dr. Pattabhi Bhavan, 5-9-11, Saifabad, Hyderabad - 500 004.

आन्ध्रा बैंक
Andhra Bank

विषय सूची
CONTENTS

पृष्ठ संख्या
Page No.

सूचना 1
NOTICE 25

सूचना से संबंधित टिप्पणियाँ 1
NOTES TO NOTICE 25

उपस्थिति पर्ची, प्रवेश पास 22
ATTENDANCE SLIP, ENTRY PASS 46

प्रॉक्सी फार्म 23
PROXY FORM 47

IMPORTANT CALENDAR OF EVENTS	
Specified Date for ascertaining the shareholders entitled to participate in the election	Friday, 09th February, 2018
Last date for submission of nomination forms on or before	Friday, 23rd February, 2018 (Upto 5.00 p.m.)
Scrutiny of Nominations	Monday, 26th February, 2018
Remote E-Voting	Friday, 09th March, 2018 (From 10.00 a.m.) to Sunday, 11th March, 2018 (Till 05.00 p.m.)
Last date of receipt of Proxy Forms and resolutions appointing Authorised Representatives	Wednesday, 7th March, 2018 (Upto 5.00 p.m.)
Date and time of Extraordinary General Meeting	Monday, 12th March, 2018 (At 11.00 a.m.)

प्रधान कार्यालय : डॉ.पट्टाभि भवन, 5-9-11, सैफाबाद, हैदराबाद – 500 004.
शेयरधारक एवं निवेशक संपर्क अनुभाग: डॉ.पट्टाभि भवन, 5-9-11, सैफाबाद, हैदराबाद – 500 004.
रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट : मेसर्स एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लि. युनिटः आन्ध्रा बैंक, 002, भू-तल, काशीराम जमनादास बिल्डिंग 5, पी डिमेलो रोड, मस्जिद पूर्व, मुम्बई – 400 009

Head Office : Dr. Pattabhi Bhavan, 5-9-11, Saifabad, Hyderabad - 500 004.
Shareholders & Investor Relation Section: Dr. Pattabhi Bhavan, 5-9-11, Saifabad, Hyderabad - 500 004.
Registrar & Share Transfer Agents : M/s. MCS SHARE TRANSFER AGENT LIMITED, UNIT: ANDHRA BANK, 002, GROUND FLOOR, KASHIRAM JAMNADAS BLDG., 5, P.D'MELLO ROAD, MASJID EAST, MUMBAI - 400 009. Ph. No. 022-40206020/22/23/24, Fax No. 022-40206021

आन्ध्रा बैंक

शेयरधारक एवं निवेशक संबंध कक्ष

प्रधान कार्यालय : डॉ पट्टाभि भवन

5-9-11, सैफाबाद

हैदराबाद 500004 (तेलंगाना)

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित व्यवसाय हेतु आन्ध्रा बैंक के शेयरधारकों की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) सोमवार, **12 मार्च**, **2018** को प्रात: 11.00 बजे आन्ध्रा बैंक प्रधान कार्यालय, डॉ पट्टाभि भवन, 5-9-11, सैफाबाद, हैदराबाद-500 004 में आयोजित की जाएगी :

बैंक के दो शेयरधारक निदेशकों का चुनाव

केंद्र सरकार के अलावा बैंक के शेयरधारकों से **दो** निदेशकों को चुनने के लिए, जिनसे निर्धारित अनुसार वैध नामांकन प्राप्त हुआ है, बैंकिंग विनियम अधिनियम 1949 (अब से "विनियम अधिनियम" कहा जाएगा), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1980 (अब से "योजना" कहा जाएगा) और आन्ध्रा बैंक (शेयर एवं बैठक) विनियम, 2003 (अब से "विनियम" कहा जाएगा) के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अभिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9(3)(i) (अब से "अधिनियम" कहा जाएगा) तथा भारतीय रिज़र्व बैंक की सं. डीबीओडी.बीसी.नं.95/29.39.001/2010-11 दि. 23.5.2011 तथा सं. डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.नं.39/29.39.001/2016-17 दि. 24.11.2016 (अब से भा.रि.बैंक "अधिसूचना" कहा जाएगा) के साथ पठित अधिसूचना नं. डीबीओडी नं.बीसी.नं.46 तथा 47/29/39.001/2007-08 दिनांक 01.11.2007 तथा इसके अतिरिक्त आगे संशोधनों, भारत सरकार (जीओआई) से कार्यालय ज्ञापन संदर्भ सं. एफ.सं. 16/83/2013-बीओआई दिनांक 03.09.2013 तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के गैर-आधिकारिक निदेशकों के रूप में विचार करने हेतु भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश दिनांक 25.03.2015 तथा दिनांक 08.07.2016 (एतदपश्चात "जीओआई दिशा-निर्देश" तथा आगे इसमें संशोधन कहा जाएगा) के साथ पठित एफ.नं. 16/51/2012.बीओआई दिनांक 28.04.2015 (वर्तमान भारत सरकार दिशा-निर्देश) के अनुसार चुने गए निदेशकों की रिक्तियां भरने तथा निम्नलिखित संकल्प हेतु

"संकल्प किया जाता है कि संबंधित योजना के अंतर्गत बनाए गए विनियम तथा भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अभिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9(3)(i) के अनुसरण में केंद्र सरकार के अलावा शेयरधारकों में से चयनित दो निदेशकों को एतदद्वारा बैंक के निदेशकों के रूप में नियुक्त हों तथा किया जाए तथा वे 14 मार्च 2018 से कार्यभार ग्रहण करेंगे तथा तीन वर्ष की अवधि की समाप्ति तक अर्थात 13 मार्च 2021 तक सेवा में रहेंगे" ।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते आन्ध्रा बैंक

स्थान : हैदराबाद
दिनांक : 25.01.2018

(रूची रांगरी)
कंपनी सचिव

नोट:

1. **<u>व्याख्यात्मक विवरण</u>**
   बैठक में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्यों को निर्धारित करने वाला व्याख्यात्मक विवरण इसके साथ संलग्न है ।
2. **<u>वोट देने का अधिकार</u>**
   अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा 3(2ई) के प्रावधानों के अनुसार केंद्र सरकार के अतिरिक्त बैंक का कोई भी शेयरधारक अपने द्वारा रखे गए किन्हीं शेयरों के संबंध में बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल वोटिंग अधिकारों के दस प्रतिशत से अधिक हो तो उद्देश्य हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक वोट देने के अधिकार का उपयोग करने के लिए पात्र नहीं होगा । यह भी नोट करें कि केंद्र सरकार निदेशक के चुनाव अर्थात मनोनित करने, चुनाव लड़ने तथा वोट देने में प्रतिभागिता हेतु पात्र नहीं है ।

आन्ध्रा बैंक (शेयर तथा बैठक) विनियम 2003 के विनियम 68 के अनुसार प्रत्येक शेयरधारक के पास ई-वोटिंग/मतदान द्वारा वोटिंग में उसके प्रत्येक शेयर हेतु एक वोट होगी ।

अधिनियम की धारा 3 (2ई) में निहित प्रावधानों के अनुसार, प्रत्येक शेयरधारक उपरोक्त अनुसार वोट देने हेतु पात्र है जो कंपनी नहीं होते हुए व्यक्तिगत अथवा बॉय-प्रॉक्सी रूप से उपस्थित हो अथवा कंपनी के रूप में विधिवत, प्राधिकृत प्रतिनिधि अथवा बॉय-प्रॉक्सी द्वारा उपस्थित हो, उनके द्वारा धारित प्रत्येक हेतु एक वोट होगा।

<u>संयुक्त धारकों के अधिकारों का उपयोग करना</u>

विनियमों के विनियम 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो अथवा अधिक व्यक्तियों के नाम होंगे, रजिस्टर में प्रथम व्यक्ति को, वोटिंग के संबंध में, उसका एकमात्र धारक माना जाएगा। अत: यदि शेयर संयुक्त धारकों के नाम होंगे, तो **केवल प्रथम व्यक्ति ही बैठक में भाग लेने हेतु पात्र होगा तथा केवल वही बैठक में वोट करने, चुनाव तथा नामांकन हेतु पात्र है ।**

3. **<u>कट-आफ (निर्धारित तिथि)</u>**

बैंक ने चुनाव में भाग लेने हेतु शेयरधारकों के नाम के निर्धारण के उद्देश्य से अंतिम तिथि (निर्धारित तिथि) याने सूचना में वर्णित अनुसार केंद्रीय सरकार के अलावा बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले दो निदेशकों के चुनाव हेतु नामांकन, चुनाव लड़ने तथा वोट हेतु अंतिम तिथि ।

4. **<u>प्राक्सी की नियुक्ति</u>**

बैठक में भाग लेने व वोट देने हेतु पात्र शेयरधारक बैठक में उपस्थित होने और वोट देने के लिए किसी प्राक्सी (आन्ध्रा बैंक के किसी कर्मचारी अथवा अधिकारी के अलावा) को नियुक्त कर सकता है और ऐसा प्राक्सी बैंक का शेयरधारक होना आवश्यक नहीं है ।

तथापि, इस प्रकार नियुक्त प्राक्सी को बैठक में बोलने का कोई अधिकार नहीं होगा ।

विनियम 70(vi) के अनुसार, प्राक्सी के प्रलेख के प्रदाता को ऐसे प्रलेख से संबंधित बैठक में व्यक्तिगत रूप से वोट देने की पात्रता नहीं होगी ।

प्राक्सी की नियुक्ति के संबंध में पत्र, बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, शेयरधारक एवं निवेशक संबंध कक्ष, प्रधान कार्यालय, डॉ.पट्टाभि भवन, 5-9-11, सैफाबाद, हैदराबाद 500 004, तेलंगाना में असाधारण आम बैठक से कम से कम **चार दिन** पहले याने बुधवार **07 मार्च, 2018** को बैंक के कार्य समय समाप्त होने याने सायं 5.00 बजे से पहले प्राप्त होना चाहिए ।

5. **<u>प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति</u>**

कोई भी व्यक्ति आन्ध्रा बैंक के शेयरधारकों की किसी भी बैठक में तब तक भाग लेने के लिए पात्र नहीं होगा या वोट नहीं दे सकता जब तक कि उसे किसी कंपनी के निगम या निकाय जो बैंक के शेयरधारक हो, के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करते हुए पारित संकल्प की प्रति, जोकि उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा सही प्रतिलिपि, जिसमें प्रतिनिधि की नियुक्ति का संकल्प पारित है, बैंक के प्रधान कार्यालय में असाधारण आम बैठक की तारीख से कम से कम **चार दिन** पहले याने बुधवार **07 मार्च, 2018** को बैंक के कार्य समय समाप्त होने याने सायं 5.00 बजे से पहले प्राप्त होना चाहिए ।

आन्ध्रा बैंक के किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी को प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा ।

6. **<u>उपस्थिति पर्ची सह प्रवेश पर्ची</u>**

शेयरधारकों की सुविधा हेतु उपस्थिति पर्ची सह प्रवेश पर्ची इस सूचना के साथ संलग्न है । शेयरधारक/प्राक्सीधारक/प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे पर्ची में निर्धारित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें और बैठक के स्थान पर उन्हें दे दें । तत्पश्चात् उन्हें प्रवेश पर्ची जारी किया जाएगा । प्राक्सी / प्राधिकृत प्रतिनिधियों को उपस्थिति पर्ची सह प्रवेश पर्ची में "प्राक्सी" या "प्राधिकृत प्रतिनिधि", जैसा भी मामला हो, अंकित करके बैठक में वोट देने हेतु देना है ।

7. **इलैक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग**

सेबी के विनियम 44 (1) (लिस्टिंग बाध्यता एवं प्रकटण अपेक्षताएं) विनियम, 2015 तथा तथा कंपनीज़ (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियम, 2014 अथवा इसमें बाद में किए गए संशोधनों के अनुपालन में बैंक सहर्ष असाधारण आम बैठक में अपने शेयरधारकों के लिए, मत-स्थल पर वोट देने के अलावा, मतदान के विकल्प-माध्यम के रूप में ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करता है, जो उन्हें इलैक्ट्रॉनिकली वोट देने हेतु सक्षम बनाएगी ।

इस उद्देश्य हेतु, बैंक ने अपने शेयरधारकों को इलैक्ट्रॉनिकली वोट देने हेतु रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने हेतु मैसर्ज़ सेंट्रल डिपॉज़िटरी सर्विसेज़ (इंडिया) लि. (सीडीएसएल) को रिमोट ई-वोटिंग एजेंसी के रूप में नियुक्त किया है। बैंक ने बैठक स्थल पर वोटिंग के आयोजन हेतु तथा ई-वोटिंग प्रक्रिया को उचित एवं पारदर्शी ढ़ंग से सम्पन्न करने हेतु जांचकर्ता के रूप में मैसर्ज़ एन. एन. अनंतसुब्रमनियन एंड कंपनी को भी नियुक्त किया है ।

रिमोट ई-मतदान वैकल्पिक है । कृपया नोट करें कि शेयरधारक रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट अधिकार के उपयोग करने के पश्चात भी ईजीएम में भाग ले सकते हैं किन्तु उन्हें बैठक के स्थान पर पुनः वोट देने की अनुमति नहीं होगी ।

इलैक्ट्रॉनिकली मतदान हेतु सदस्यों के लिए अनुदेश निम्नलिखित हैं :-

(i) रिमोट ई-मतदान अवधि दि. 09.03.2018 प्रात: 10.00 बज़े प्रारंभ होगी तथा दि. 11.03.2018 सायं 5.00 बज़े समाप्त होगी (दोनों तिथि सम्मिलित) । इस अवधि के दौरान, बैंक के शेयरधारक, जिनके पास शुक्रवार 09.02.2018 की अंतिम तिथि (निर्धारित तिथि) तक भौतिक रूप अथवा अमूर्त रूप में शेयर हैं, इलैक्ट्रानिकली अपना वोट दे सकते हैं । उसके पश्चात रिमोट ई-मतदान मॉडयूल सीडीएसएल द्वारा समाप्त कर दिया जाएगा ।

(ii) शेयरधारकों को ई-मतदान वेबसाइट www.evotingindia.com पर लॉग-ऑन करें ।

(iii) शेयरधारकों/सदस्यों पर क्लिक करें ।

(iv) अब अपना यूज़र आईडी प्रविष्ट करें ।

क) सीडीएसएल हेतु :16 अंक हिताधिकारी आईडी

ख) एनएसडीएल हेतु : 8 करेक्टर डीपी आईडी, फिर 8 अंक ग्राहक आईडी

ग) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों को बैंक में पंजीकृत फोलियो नम्बर प्रविष्ट करें ।

(v) प्रदर्शित इमेज-जांच प्रविष्ट करें और लॉग-इन पर क्लिक करें ।

(vi) यदि आपके शेयर डीमेट रूप में हो एवं www.evotingindia.com में लॉग किया गया हो एवं किसी कंपनी में पहले वोट दिया हो तो आपके विद्यमान पासवर्ड का प्रयोग किया जाना है ।

(vii) यदि आप पहली बार उपयोगकर्ता हों तो नीचे दिये चरणों का अनुसरण करें ।

	कट-ऑफ तिथि (निर्धारित तिथि) 09.02.2018 को डीमेट रूप में तथा भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों के लिए
पैन	आयकर विभाग द्वारा जारी अपना 10 अंक अल्फा-न्यूमेरिक *पैन* प्रविष्ट करें । (डीमेट शेयरधारकों एवं भौतिक शेयरधारकों, दोनों के लिए लागू है) • उन सदस्यों से जिन्होंने अपने पैन को बैंक/आरटीए/डिपॉजिटरी पार्टिसीपैंट के साथ अद्यतन नहीं किया है, अनुरोध किया जाता है कि वे पैन के स्थान पर अपने नाम के पहले दो अक्षर एवं सीक्वेंस के 8 अंकों का प्रयोग करें। • यदि सीक्वेंस नंबर 8 अंकों से कम हो तो बडे अक्षरों में नाम के पहले दो अक्षरों के बाद नंबर के पहले आवश्यकतानुसार शून्य प्रविष्ट करें। उदाहरणस्वरूप- यदि सीक्वेंस नंबर 1 के साथ आपका नाम रमेश कुमार हो तो पैन के स्थान पर RA00000001 प्रविष्ट करें।
लाभांश बैंक का ब्यौरा अथवा जन्म तिथि (डीओबी)	लॉग-इन हेतु बैंक/आरटीए अभिलेख में अथवा अपने डीमेट खाते में अभिलेखित जन्म तिथि (dd/mm/yyyy प्रारूप) अथवा लाभांश बैंक का ब्यौरा प्रविष्ट करें । यदि डिपॉजिटरी अथवा बैंक/आरटीए में ब्यौरा रिकार्ड नहीं किया गया हो तो कृपया अनुदेश (iv) में उल्लिखित अनुसार लाभांश बैंक के ब्यौरा स्थान पर सदस्य आईडी/ फोलिओ नंबर प्रविष्ट करें ।

(viii) इन ब्यौरों को ठीक रूप से प्रविष्ट करने के बाद "सबमिट" टैब पर क्लिक करें ।

(ix) भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों को सीधा कंपनी सिलेक्शन स्क्रीन में पहुँचना है । तथापि, डीमेट रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों को अब 'पासवर्ड क्रीएशन' मेनु में जाना है जिसमें उनको नये पासवर्ड स्थान पर अपना लॉगइन पासवर्ड प्रविष्ट करना अनिवार्य है । कृपया नोट करें कि डीमेट धारक द्वारा किसी अन्य कंपनी, जिसमें वे वोट देने के लिए पात्र हैं, के संकल्प के लिए वोट देने हेतु भी इस पासवर्ड का प्रयोग करना है बशर्ते कि कंपनी सीडीएसएल प्लैटफर्म के जरिए ई वोटिंग का विकल्प दे। यह सख्तीपूर्वक सिफारिश की जाती है कि आप किसी अन्य व्यक्ति को पासवर्ड प्रकट न करें एवं अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए अत्यधिक सतर्कता बरतें ।

(x) भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों के लिए ब्यौरे का प्रयोग केवल इस नोटिस में स्थित संकल्प पर ई-वोट देने के लिए करना है ।

(xi) संबंधित <आन्ध्रा बैंक> जिनको आप वोट देना चाहते हैं, के लिए ईवीएसएन पर क्लिक करें ।

(xii) आप वोटिंग पृष्ठ पर "रिजोल्यूशन डिस्क्रिप्शन" एवं उसके सामने वोट देने के लिए विकल्प "हाँ" पायेंगे । अपनी इच्छानुसार विकल्प **हाँ** का चयन करें ।

(xiii) यदि आप संपूर्ण संकल्प का ब्यौरा चाहते हो तो "रिजोल्यूशन फाइल लिंक" पर क्लिक करें ।

(xiv) संकल्प का चयन करने के उपरांत आप वोट देने का निर्णय लेकर "सबमिट" पर क्लिक करें । पुष्टिकरण बॉक्स प्रदर्शित होगा । यदि आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते हो तो "ओके" पर क्लिक करें, यदि अपना वोट बदलना चाहते हो तो "कैंसल" पर क्लिक करें एवं तदनुसार अपना वोट आशोधित करें ।

(xv) आप एक बार संकल्प पर अपने वोट की "पुष्टि" करने पर आपको अपना वोट आशोधित करने की अनुमति नहीं है ।

(xvi) आप अपने वोट का प्रिंट वोटिंग पृष्ठ पर "क्लिक हियर टू प्रिंट" विकल्प पर क्लिक करके ले सकते हैं ।

(xvii) यदि डीमेट खाताधारक उसी पासवर्ड को भूल गया हो तो यूजर आईडी एवं इमेज वेरिफिकेशन कोड प्रविष्ट करें एवं "फर्गेट पासवर्ड" पर क्लिक करें एवं सिस्टम द्वारा मांगे गये के अनुसार ब्यौरा प्रविष्ट करें।

(xviii) शेयरधारक एंड्रायड आधारित मोबाईल हेतु उपलब्ध सीडीएसएल का मोबाईल एप एम-वोटिंग का उपयोग करते हुए अपना वोट दे सकते हैं । एम-वोटिंग मोबाईल एप गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं । एपल एवं विंडोज फोन उपयोगकर्ता क्रमशः एप स्टोर तथा विंडोज फोन स्टोर से एप डाउनलोड कर सकते हैं । कृपया अपने मोबाईल पर मतदान करते समय मोबाईल एप द्वारा अनुबोधित अनुदेशों का पालन करें ।

(xix) **गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों एवं अभिरक्षकों के लिए नोट**

- गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों (अर्थात व्यक्ति, हिन्दू अविभक्त परिवार, अनिवासी भारतीय इत्यादि को छोडकर) एवं अभिरक्षकों को www.evotingindia.com में लॉग ऑन करने एवं अपने आपको कॉर्पोरेट के रूप में पंजीकृत करने की आवश्यकता है ।
- इकाई के स्टांप एवं हस्ताक्षर के साथ पंजीकरण फार्म की स्कैन प्रति helpdesk.evoting@cdslindia.com को मेल करें ।
- लॉगइन ब्यौरा प्राप्त होने के बाद एडमिन लॉगइन एवं पासवर्ड का प्रयोग करके एक अनुपालन यूजर सृजित किया जाना चाहिए । अनुपालन यूजर खाते को जोडने में सक्षम होगा जिसको वे वोट देना चाहते हैं।
- खातों की सूची helpdesk.evoting@cdslindia.com को मेल करनी चाहिए एवं खातों का अनुमोदन होने पर वे अपना वोट दे पायेंगे ।
- बोर्ड संकल्प एवं मुख्तारनामा (पीओए) की स्कैन प्रति, जो उन्होंने अभिरक्षक के नाम जारी की है, यदि हो, उसकी जाँच के सत्यापन हेतु सिस्टम में पीडीएफ फार्मेट में अपलोड करें ।
- यदि आपके पास रिमोट ई-मतदान से संबंधित कोई प्रश्न अथवा शिकायत हो तो, आप बारबार पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") तथा सहायता खंड के अंतर्गत www.evotingindia.com में उपलब्ध ई-मतदान नियमावली का संदर्भ ले सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल लेख सकते हैं (सीडीएसएल सहायता केंद्र नं. 1800225533 तथा संपर्क व्यक्ति नाम श्री राकेश दाल्वी है)

8. रिमोट ई-मतदान के माध्यम से अपने वोट नहीं देने वाले हेतु सोमवार, 12 मार्च, 2018 को मतदान :

चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया बैंक द्वारा नामित/नियुक्त मुख्य रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निष्पादित की जाएगी । एस.एन. अनंतसुब्रमनियन एवं कं., एक शेयरधारक जांचकर्ता तथा बैठक में उपस्थित रहेन वाले भारत सरकार के प्रतिनिधि चुनाव देखरेख प्रेक्षक के रूप में कार्य करेंगे ।

9. मतदान के परिणाम

रिमोट ई-मतदान तथा बैठक में मतदान का समेकित परिणाम बैंक तथा डिपॉज़िटरी जैसे सीडीएसएल की वेबसाइट पर रखा जाएगा तथा बैठक की समाप्ति के 48 घंटे के अन्दर, स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किया जाएगा ।

10. नोट:

पते में परिवर्तन, फोलियो का समेकन, भौतिक धारण का अभौतिक करना, अंतरण दर्ज करना तथा आदावा अथवा अदेय लाभांश, यदि कोई हो, तो संबंधित सूचना भी दी जाए ।

व्याख्यात्मक विवरण

बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अभिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9(3)(i) के अनुसार, चूंकि गैर-सरकार शेयरधारण बैंक की कुल प्रदत्त पूंजी का 16% से अधिक तथा 32% से कम है, बैंक बोर्ड हेतु बैंक के शेयरधारकों (केंद्रीय सरकार के अलावा) के प्रतिनिधि के रूप में दो निदेशकों की नियुक्ति हेतु पात्र है ।

शेयरधारकों ने दि. 14.03.2015 से निदेशकों के रूप में श्री कृष्णाकुमारी तथा श्री जी शिवाकुमार को चुना तथा नियुक्त किया था तथा दि. 13.03.2018 तक निदेशक के पद पर बने रहेंगे ।

तदनुसार, रिक्तियों को भरने के दृष्टिगत, बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले दो निदेशकों केन्द्रीय सरकार के अलावा) के चुनाव हेतु बैंक के शेयरधारकों की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) हेतु सूचना दी जा रही है ।

अतएव, शेयरधारक (केन्द्रीय सरकार के अलावा) विभिन्न सम्बन्धित अधिनियम/योजना/विनियमों/अधिसूचना में दी गई विस्तृत प्रक्रिया के अनुसार अपने नामांकन भेजने हेतु पात्र हैं, जिनके सम्बन्धित भाग यहां नीचे दर्शाए गए हैं :-

ऐसे चुनाव के पश्चात, वे दि. 14.03.2018 को कार्य-भार सम्भालेंगे तथा दि. 13.03.2021 तक से तीन वर्ष की अवधि तक पद पर रहेंगे ।

कानूनी प्रावधान

निम्न सारणी इस संबंध में लागू विभिन्न अधिनियम/ योजना / विनियम/अधिसूचनाओं में निहित प्रावधान दर्शाती है।

अधिनियम/ योजना / विनियम/ अधिसूचना	प्रावधान	संक्षिप्त विवरण
बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949	धारा 16 (1)	➢ सामान्य निदेशकों का निषेध
	धारा 20	➢ अपने निदेशकों को या उनकी ओर से ऋण या अग्रिम प्रदान करने पर प्रतिबंध
	धारा 5(एनई)	➢ पर्याप्त हित
बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980	धारा 3 (2ई)	➢ वोटिंग अधिकारों पर प्रतिबंध
	धारा 9(3)(i)	➢ शेयरधारकों द्वारा चुने जानेवाले निदेशकों की संख्या
	धारा 9(3ए) (ए) से (सी)	➢ कतिपय क्षेत्रों की विशेष जानकारी
	धारा 9(3एए) एवं धारा 9(3एबी)	➢ कोई भी व्यक्ति निदेशक के रूप में चुने जाने हेतु तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि वह ट्रैक रिकार्ड, निष्ठा और भारिबैं द्वारा निर्धारित ऐसे अन्य मानकों के आधार पर सही एवं उचित व्यक्ति न हो ।
	धारा 9(3बी)	➢ उक्त अधिनियम की धारा 9(ए) और 9(3एए) की अपेक्षाओं को पूरा नहीं

	धारा 13(2)	करने पर ऐसे चुने गए निदेशक को हटाने का भारिबैं का अधिकार ➢ निष्ठा एवं गोपनीयता का दायित्व
राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना, 1980	खंड 9(4) खंड 10 खंड 11 खंड 11ए खंड 11बी खंड 12(8)	➢ चुने गए निदेशकों की कार्यावधि ➢ बैंक के निदेशक के रूप में चुने जाने हेतु अनर्हता ➢ निदेशक के पद का रिक्त होना ➢ चयनित निदेशक का पद से हटाया जाना ➢ चुने हुए निदेशक के कार्यालय में रिक्त स्थान भरना ➢ निदेशकों द्वारा कतिपय व्यवस्था, जिनमें उनका हित हो, में हित का प्रकटन
आन्ध्रा बैंक (शेयर एवं बैठक) विनियम, 2003	विनियम 10 विनियम 61 ए विनियम 61 बी विनियम 63 विनियम 64 विनियम 65 विनियम 66 विनियम 67 विनियम 68 विनियम 69 विनियम 70	➢ संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग ➢ मतदान में जॉचकर्ता ➢ मतदान प्रक्रिया तथा परिणाम ➢ आम बैठकों में चुने जाने वाले निदेशक ➢ शेयरधारकों की सूची ➢ चुनाव हेतु अभ्यर्थियों का नामांकन ➢ नामांकन की जांच ➢ चुनाव विवाद ➢ मतदान अधिकारों का निर्धारण ➢ विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा मतदान ➢ प्राक्सी
भारिबैं अधिसूचना नं. डीबीओडी नं.बीसी.नं.46 तथा 47/29.39.001/ 2007-08 दिनांक 01.11.2007 और सं. डीबीओडी.बीसी.नं. 95/29.39.001/ 2010-11 दिनांक 23.05.2011 तथा सं. डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.नं. 39/29.39.001/2016-17 दि. 24 नवम्बर 2016 तथा बाद की अधिसूचना	बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अभिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 (3एए) और धारा 9(3एबी) के अनुसरण में।	राष्ट्रीयकृत बैंकों के मंडल में चुने गए निदेशकों के लिए सही एवं उचित मानक
ओएम दिनांक 3 सितम्बर 2013 के साथ पठित जीओआई पत्र एफ.नं. 16/51/2012-बीओआई दिनांक 28 अप्रैल 2015 तथा 8 जुलाई 2016 के साथ पठित अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक की नियुक्ति हेतु मंत्रीमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा अनुमोदित भारत सरकार द्वारा जारी संशोधित दिशा-निर्देश दिनांक 25 मार्च 2015 तथा इसमें बाद के संशोधनों, यदि कोई	बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अभिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 (3i) के अनुसरण में शेयरधारकों के निदेशक के रूप में चुने जाने हेतु, उम्मीदवारों की 'सही एवं उचित' स्थिति का निर्धारण करते समय बोर्ड की नामांकन समितिद्वारा इस दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखा जाता है ।	

भारतीय रिजर्व बैंक मास्टर परिपत्र दिनांक 1 जुलाई 2015	निदेशकों के रिश्तेदारों को ऋण तथा अग्रिमों की स्वीकृति
सेबी (बाध्यताएं तथा प्रकटीकरण अपेक्षताएं की सूचीकरण) विनियम, 2015	स्वतंत्र निदेशक से संबंधित प्रावधान

संबंधित अधिनियम / योजना/ विनियम / अधिसूचनाओं आदि का उद्धरण

शेयरधारकों की सुविधा हेतु बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अभिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 (एतदपश्चात 'अधिनियम' के रूप में संदर्भित) राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध एवं विविध उपबंध) योजना, 1980 (एतदपश्चात 'योजना' के रूप में संदर्भित) तथा आन्ध्रा बैंक (शेयर तथा बैठकें) विनियम, 2003 (एतदपश्चात 'विनियम' के रूप में संदर्भित) तथा भारिबैं की अधिसूचना सं. डीबीओडी सं.बीसी सं.46 तथा 47/29/39.001/2007-08, दि.01.11.2007 तथा सं. डीबीओडी.बीसी.सं. 95/29.39.001/2010-11, दि. 23.05.2011 तथा सं. डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.नं. 39/29.39.001/2016-17 दि. 24.11.2016, कार्यालय ज्ञापन संदर्भ सं. एफ.सं. 16/83/2013-बीओआई दिनांक 03.09.2013 तथा एफ.नं. 16/51/2012-बीओआई दिनांक 28.04.2015 तथा दिनांक 8 जुलाई 2016 जिसे वित्त मंत्रालय का ओएम दिनांक 3 सितम्बर 2013 (वर्तमान भारत सरकार के निर्देश) के साथ पढा जाए, से संबंधित उद्धरण बैंक की वैबसाइट www.andhrabank.co.in पर उपलब्ध होंगे । ऐसे उद्धरणों को नामांकन-फार्मों के प्रस्तुतीकरण हेतु निर्धारित अंतिम तिथि याने शुक्रवार 23 फरवरी, 2018 को या इससे पहले कंपनी सचिव, शेयरधारक एवं निवेशक संबंध कक्ष, प्रधान कार्यालय, डॉ.पट्टाभि भवन, 5-9-11, सैफाबाद, हैदराबाद 500 004, तेलंगाना को किए गए अनुरोध की प्राप्ति पर इच्छुक उम्मीदवारों को ई-मेल द्वारा भी भेजा जाएगा ।

बैंक के निदेशक के रूप में चुने जाने के लिए आवश्यक अर्हताएँ

(I) अधिनियम की धारा 9(3ए) के अनुसार वह उम्मीदवार जो बैंक का शेयरधारक है और अधिनियम की धारा 9(3)(i) के अंतर्गत बैंक का निदेशक बनने हेतु ईच्छुक है, उसे

(क) निम्न में से किसी एक अथवा अधिक विषयों में विशेष ज्ञान अथवा व्यावहारिक अनुभव हो : -

i. कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था,

ii. बैंकिंग,

iii. सहकारिता,

iv. अर्थशास्त्र,

v. वित्त,

vi. विधि,

vii. लघु उद्योग,

viii. किसी अन्य विषय में विशेष ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव, जो भारिबैं की राय में बैंक के लिए उपयोगी हो । (भारिबैंक ने परिपत्र सं. डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.नं. 39/29.39.001/2016-17 दिनांक 24 नवम्बर 2016 के माध्यम से उन व्यक्तियों हेतु जिनकी बैंक में निदेशकों की नियुक्ति होगी, (i) सूचना तकनीकी (ii) भुगतान एवं निपटान प्रणाली (iii) मानव संसाधन (IV) जोखिम प्रबंधन (V) व्यवसाय प्रबंधन को विशेषज्ञता के क्षेत्र में सम्मिलित किया है ।)

(ख) जमाकर्ताओं के हित का प्रतिनिधित्व करता हो, अथवा

(ग) किसानों, कामगारों और शिल्पकारों के हित का प्रतिनिधित्व करता है ।

(I) अधिनियम की धारा 9(3एए) के अनुसार उम्मीदवार बैंक के शेयरधारक होने ओर जो बैंक के निदेशक बनने के इच्छुक हैं, उन्हें इस संबंध में समय-समय पर भारिबैं के निदेशों / अधिसूचनाओं के अनुसरण में 'सही एवं उचित' हैसियत होनी चाहिए।

(II) इसके अतिरिक्त चयनित निदेशक को प्रतिज्ञा पत्र निष्पादित करना चाहिए और उन्हें इस संबंध में भारिबैं द्वारा निर्धारित अनुसार वार्षिक घोषणाएं प्रस्तुत करना अपेक्षित है ।

बैंक के निदेशक के रूप में चुने जाने हेतु अनर्हता :

क) राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना 1980 के खंड 10 के अनुसार निदेशक के रूप में नियुक्त होने हेतु अनर्हक होंगे :

क) यदि उसे कभी भी दिवालिया घोषित किया गया हो अथवा उसने भुगतान आस्थगित किया हो अथवा अपने ऋणदाता से समझौता किया हो; अथवा

ख) यदि वह असंतुलित दिमाग के व्यक्ति के रूप में पाया गया हो और सक्षम न्यायालय ने उसे असंतुलित दिमाग के व्यक्ति के रूप में घोषित किया हो; अथवा

ग) यदि दंड न्यायालय ने उसे आपराधिक सजा सुनायी हो अथवा उसने ऐसा अपराध किया हो जिसमें नैतिक भ्रष्टाचार सम्मिलित हो अथवा

घ) यदि वह किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 की धारा 3 की उपधारा (i) के अंतर्गत गठित भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 3 में वर्णित किसी समनंषंगी बैंक में लाभ का पद धारित करता हो किंतु अपवाद स्वरूप वह अधिनियम की धारा 9 की उपधारा 3(ई) व (एफ) खंडों के अंतर्गत बैंक के नामित, बैंक के कर्मचारियों में से, प्रबंध निदेशक और निदेशकों सहित पूर्णकालिक निदेशक का पद धारित कर सकता है।

एवं

ख) यदि वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी तथा वर्तमान सरकार के दिशानिर्देश के अनुसार भारत सरकार का दिनांक 28 अप्रैल, 2015 तथा दिनांक 08.07.2016, का. ज्ञा. दिनांक 03.09.2013 के साथ पढ़े, सं. डीबीआर. एपीपीटी.बीसी.सं. 39/29.39.001/2016-17 दिनांक 24 नवंबर 2;16 तथा बीसी सं. 95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23.05.2011 और एफ.16/51/2012 दिनांक 28.04.2015 के साथ पढ़ें (वर्तमान भारत सरकार के दिशानिर्देश) और कार्यालय ज्ञापन संदर्भ सं. एफ.16/83/2013-बीओ दिनांक 03.09.2013 द्वारा अग्रेषित भारतीय रिज़र्व बैंक डीबीओडी.बीसी. सं. 46 और 47/29.39.001/2007-08 दिनांक 01.11.12017 की सूचनाओं के मामले में वह 'योग्य और उचित' व्यक्ति नहीं है, तो वह 'योग्य और उचित' व्यक्ति नहींपाया जाता है, तो बैंक के निदेशकों की नामांकन समिति द्वारा 'योग्य और उचित' व्यक्ति नहीं पाया जाता है ।

कार्यकाल :

राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1980 की धारा 9(4) के अनुसार, एक निर्वाचित निदेशक तीन वर्ष के लिए कार्यालय संभालते हुए फिर से चुनाव के लिए पात्र होंगे ।

कोई निदेशक छः वर्ष से अधिक की अवधि के लिए लगातार कार्यालय नहीं संभालेंगे ।

भारतीय रिज़र्व बैंक के 'योग्य और उचित' मानदंडों के दिर्शानिर्देश :

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैंक), बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों के अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1980 की उप-धारा (3एए) के अंतर्गत अधिकारों का प्रयोग करते हुए डीबीओडी.बीसी.सं.46 तथा 47/29.39.001/2007-08 दिनांक 01 नवंबर 2007 तथा बैंकिंग कंपनियों (अधिग्रहण और अधिग्रहण का अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9(3) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक के निदेशकों के रूप में निर्वाचित किए जाने वाले व्यक्तियों द्वारा पूरा की जाने वाली 'योग्य और उचित' प्रक्रिया के संबंध में अधिसूचना जारी किया है ।

अधिसूचना की मुख्य विशेषताएं :

'योग्य और उचित' स्थिति आदि का निर्णय लेने के लिए प्राधिकरण, कार्य / प्रक्रिया और मानदंड निम्नानुसार हैं :

क) प्राधिकरण :

सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों को निदेशक मंडल में से कम से कम तीन निदेशकों (सभी स्वतंत्र / गैर कार्यपालक निदेशक) की 'नामांकन समिति' का गठन करना आवश्यक है । निदेशक मंडी को सभी उनमें से एक को नामांकन समिति के अध्यक्ष के रूप में नामित करना है । आवश्यक कोरम अध्यक्ष सहित तीन हैं । पूर्व नामांकित किसी भी सदस्य की अनुपस्थिति में, निदेशक मंडल आगामी बैठक के लिए किसी अन्य स्वतंत्र निदेशक को उनके स्थान पर नामित कर सकते हैं । नामांकन समिति के गठन के समय बोर्ड अपने कार्यकाल पर निर्णय ले सकता है ।

ख) कार्यप्रणाली और प्रक्रिया :

अधिनियम की धारा 9(3) (i) के अंतर्गत निदेशक के रूप में निर्वाचित होने वाले वर्तमान निर्वाचित निदेशक / व्यक्ति की 'योग्य और उचित' स्थिति को निर्धारित करने के लिए नामांकन समिति को समुचित सावधानी की प्रक्रिया आरंभ करनी चाहिए । इस प्रयोजन के लिए बैंकों को निर्वाचितनिदेशकों / व्यक्तियों से, जो चुनाव के लिए अपना नामांकन दर्ज किए हैं, संलग्न प्रारूप (अनुबंध-1) में आवश्यक सूचना और घोषणा प्राप्त करना चाहिए । नामांकन समिति को उम्मीदवार के निर्वाचन के लिए नामांकन स्वीकार करने की अंतिम तिथि से पहले मिलना चाहिए और यह निर्णय लेना चाहिए कि व्यकित की उम्मीदवारों को नीचे दिए गए मानदंडों के आधार पर स्वीकार किया जाना चाहिए अथवा नहीं । समिति की चर्चा को बैठक के औपचारिक कार्यवृत्त के रूप मं सही रूप से दर्ज की जानी चाहिए और यदि वर्तमान और प्रस्तावित निदेशकों दोनों के मामले में मतदान किया गय हो, तो उसका भी नोट किया जानी चाहिए। हस्ताक्षरित घोषणा में दी गई जानकारी के आधार पर, नामांकन समिति को उम्मीदवार की स्वीकृति अथवा अन्यथा के बारे में निर्णय लेना चाहिए और उपयुक्त प्रावधानों / व्यक्तियों के लिए आवश्यक समझा जा सकता है ।

ग) मापदड :

नामांकन समिति को वर्तमान निर्वाचित निदेशक / प्रस्तावित उम्मीदवारों के 'योग्य और उचित' स्थिति का निर्धारण करना चाहिए, जो नीचे उल्लिखित विस्तृत मानदंडों के आधार पर किया गया है :

i शेक्षिक योग्यता
ii अनुभव और विशेषज्ञता के क्षेत्र
iii ट्रैक रिकॉर्ड और ईमानदारी
(उपरोक्त सूची केवल उदाहरण है और संपूर्ण नहीं है)

नामांकन समिति को यह देखना चाहिए कि उपरोक्त मानदंडों का पालन न करने से वर्तमान निर्वाचित निदेशक / प्रस्तावित उम्मीदवारों को बैंक के निदेशक के रूप में कर्तव्यों का निर्वहन करने में बाधा होगी अथवा नहीं । इसके अलावा, किसी भी प्राधिकरण / नियामक एजेंसी अथवा किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान से किसी भी ऋण के चूक के प्रति प्रतिकूल सूचना के लिए आने वाले उम्मीदवार को बैंक के बोर्ड पर निदेशक के रूप में अनुचित तथा पात्र नहीं होगा ।

घ) अन्य मामलें :

यह वांछनीय है कि सार्वजनिक हित में, यह सुनिश्चित किया जाए कि चुने गए निदेशकों द्वारा करारों के विलेख को कार्यान्वित किया जाता है (जैसा कि डॉ. गांगुली ग्रुप द्वारा सिफारिश किए गए हैं, निदेशकों द्वारा आवश्यक विवरण तत्काल दिए गए हैं । यदि कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन है, तो नामांकन समिति को पुन: समुचित सावधानी प्रक्रिया का संचालन करना चाहिए और निदेशक के 'योग्य और उचित' स्थिति की जांच करना चाहिए ।

दिनांक 25 मार्च 2015 तथा दिनांक 08 जुलाई 2016 के भारत सरकार के दिशानिर्देश :

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों / वित्तीय संस्थानों आदि के बोर्डों पर अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों (एनओडी) नामांकन के लिए निम्न लिखित मापदंडों को अपनाया जा सकता है ।

1) साधारण :

क) संबंधित अधिनियमों / नियमों के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए नामांकन किए जाते हैं ।

ख) औपचारिक योग्यता और विषेज्ञता, ट्रैक रिकार्ड, ईमानदारी आदि के मामले में नामांकित व्यक्तियों की उपयुक्तता का आकलन किया जा सकता है । ईमानदारी और उपयुक्तता के मूल्यांकन के लिए आपराधिक रिकॉर्ड, वित्तीय स्थिति, व्यक्तिगत ऋण के लिए किए गए सिविल कृत्यों, व्यावसायिक निकायों में प्रवेश से इनकार करने या निष्कासन, नियामकों और इसी तरह के निकायों और पिछले संदिग्ध व्यवसाय प्रथाओं आदि द्वारा लागू प्रतिबंधों पर विचार किया जाएगा ।

2) अनुभव :

क) श्रेष्ठ शैक्षिक प्रशिक्षण अथवा कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था बैंकिंग, सहयोग, अर्थशास्त्र, व्यवसाय प्रबंधन, मानव संसाधन, वित्त, कॉर्पोरेट विधि, जोखिम प्रबंधन, उद्योग और आईटी के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव के साथ व्यक्तियों पर सामान्य रूप से विचार किया जाएगा । एक वरिष्ठ पद सपर उद्योग के अनुभव के 20 वर्ष, संबंधित क्षेत्रों में विशेषज्ञता (सफलतापूर्वक एक प्रतिष्ठित संगठन का नेतृत्व किया, एक असफल संगठन में बदलाव लाया गया) को प्राथमिकता दी जाएगी ।

ख) 20 वर्ष के कुल अनुभव और संयुक्त सचिव और ऊपर के स्तर पर न्यूनतम 10 वर्ष के अनुभव वाले वरिष्ठ सरकारी अधिकारी । सेवानिवृत्त के एक वर्ष के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सेवानिवृत्त अप्रनि/कानि/ (पूर्व अप्रनि/कानि को बैंक के बोर्ड पर एनओडी के रूप में नियुक्ति पर विचार नहीं किया जाएगा, जिस पर सेवानिवृत्त हुए हैं । सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के अप्रनि/कानि की सेवा किसी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के बोर्ड पर नियुक्ति के लिए विचार नहीं किया जाएगा ।

ग) 20 वर्ष से अधिक अनुभव वाले प्रीमियर प्रबंधन/बैंकिंगसंस्थानों के शिक्षाविदों / निदेशकों और प्रोफेसर

घ) 20 वर्ष के अनुभव के साथ सनदी लेखाकार (लेखा परीक्षा अनुभव को छोडकर) को भी अधिमान्यता दी जाएगी ।

ञ) हालांकि, मामले की योग्यता के आधार पर असाधारण मामलों में वित्त मंत्री के अनुमोदान से अनुभव मानदंड में छूट दी जा सकती है ।

च) जहां तक संभव हो, महिलाओं और अजा/अजजा से संबंधित व्यक्तियों को यथा संभव प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है ।

3) शैक्षिक योग्यता :

एक एनओडी को कम से कम किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए, इसके साथ ही व्यवसाय प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, वित्त, मानव संसाधन और आईटी में विशेषज्ञता प्राप्त होनी चाहिए ।

4) आयु का मानदंड :

नामांकन समिति (खोज समिति) द्वारा सिफारिश की तारीख को निदेशक की आयु 67 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

5) **कार्य अनुभव :**

व्यावसायिक शिक्षाविदों को आम तौर पर उनके विशेष क्षेत्र में 20 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए ।

6) **अयोग्यताएं :**

क) बैंक / वित्तीय संस्थान (वित्तीय संस्था) / भारिबैंक / बीमा कंपनी पर पहले से ही किसी भी श्रेणी में निदेशक, किसी भी अन्य बैंक / वि.सं. / भारिबैंक / बीमा कंपनी में एनओडी के रूप में नामांकन के लिए नहीं माना जा सकता है ।

ख) किराया खरीद, वित्तपोषण निवेश, पट्टे और अन्य पैरा-बैंकिंग गतिविधियों, सांसद, विधायकों, एमएलसी और स्टॉक ब्रोकर्स से जुडे व्यक्तियों को बैंकों / वित्तीय संस्थाओं / भारतीय रिज़र्व बैंक / बीमा कंपनियों के बोर्डों पर गैर-सरकारी निदेशकों के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा । किराया खरीद, वित्तपोषण निवेश, पट्टे और अन्य पैरा बैंकिंग गतिविधियों में निवेशक, एनओडी के रूप में नियुक्ति के लिए अयोग्य नहीं होंगे, अगर ऐसी कंपनियों में उनके साथ कोई प्रबंधकीय नियंत्रण नहीं है ।

ग) किसी व्यक्ति को बैंक / वित्तीय संस्थान / भारतीय रिज़र्व बैंक / बीमा कंपनी के बोर्ड पर एनओडी के रूप में पुन: नामित किया जा सकता है, जिस पर वह किसी भी श्रेणी के अंतर्गत निदेशक के रूप में दो बार अथवा छ: वर्ष, जो भी लंबे समय हो ।

घ) सनदी लेखाकार, यदि उनकी फर्म वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में एक सांविधिक केन्द्रीय लेखा परीक्षक के रूप में हो तो ।

ञ) सनदी लेखाकार, यदि उनकी फर्म वर्तमान में सांविधिक शाखा लेखा परीक्षक या समवर्ती लेखा परीक्षक के रूप में हो तो ।

7) **कार्यकाल :**

यदि निदेशक पहले से ही किसी अन्य बैंक / वित्तीय संस्थान / भारतीय रिज़र्व बैंक / बीमा कंपनीके बोर्ड पर छ: वर्ष हेतु एनओडी / शेयरधारक निदेशक है, चाहे लगातार या अंतराल पर, एनओडी को बैंक / विसं / भारिबैंक / बीमा कंपनी के निदेशक के रूप में नामांकन के लिए विचार नहीं किया जाएगा ।

8) **व्यावसायिक प्रतिबंध :**

राष्ट्रीयकृत बैंक योजना (प्रबंधन और विविध प्रावधान)योजना, 1980 की धारा (डी) के अंतर्गत किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में व्यावसायिक प्रतिबंध के प्रति लाभ का कार्यालय अलग-अलग जांच की जानी चाहिए ।

9) **क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व :**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बोर्डों पर देश के सभी छ: क्षेत्रों - उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, मध्य और उत्तर-पूर्व से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना चाहिए ।

शेयरधारकों के रजिस्टर का निरीक्षण :

शेयरधारकों के रजिस्टर / सदस्यों के रजिस्टर, सभी कार्य दिवस (दूसरे और चौथे शनिवार, रविवार और बैंक की छुट्टियों के अलावा) (जब तक शेयरधारकों का रजिस्टर आन्ध्रा बैंक (शेयरों और बैठक) विनियमों के विनियमन 12 के अनुसार बंद हो जाता है, के अलावा) अपराह्न 3.00 बजे से 5.00 बजे तक बैंक के प्रधान कार्यालय में शेयधारकों द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध होगा । यदि किसी शेयरधारक को रजिस्टर अथवा उसके भाग की प्रति अथवा कंप्यूटर प्रिंट की प्रति आवश्यकता होती है, तो उसकी प्रति 1000 शब्द अथवा उसके भाग के लिए 5 रूपए की दर से पूर्व-भुगतान पर आपूर्त की जाएगी ।

शेयरधारकों की सूची :

शेयरधारकों को चुनाव में भाग लेने हेतु सक्षम बनाने हेतु, विनियमों के विनियमन 64 में दर्शायी शेयरधारकों की पूर्ण सूची, अंतिम तिथि (रिकार्ड) याने बुधवार, 09.02.2018 को शेयरधारक एवं निवेशक शिकायत कक्ष, प्र.का. डॉ. पट्टाभि भवन, 5-9-11, सैफाबाद, हैदराबाद 500 004 में खरीद हेतु 'आन्ध्रा बैंक' के हित में हैदराबाद में देय किसी अनुसूचित बैंकके मांग ड्राफट / भुगतान आदेश द्वारा रु. 50,000/- (रुपये पचास हजार मात्र) के पूर्व भुगतान पर शेयरधारकों द्वारा खरीद हेतु शुक्रवार, 23.02.2018 (नामांकन प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि) तक उपलबध होगी ।

<u>चुनाव हेतु अभ्यर्थियों का नामांकन</u>

<u>नामांकन की वैधता</u>

विनियम के नियम के संदर्भ में तथा भारतीय रिज़र्व बैंक 65, डीबीओडी सं .बीसी नं .46 तथा 47/29.39.001/2007-01 दिनांक 08.11.2007, नं .बीसी नं .डीबीओडी .95/29.39.001/2010.11 दिनांक 23.05. के साथ पढ़े तथा 2011भारतीय रिज़र्व बैंक (इसके बाद भारिबैंक अधिसूचना कहा जाएगा) के नं .डीबीआर . .नं .बीसी.एपपीट39/29.39.001/2016-17 दिनांक 24.11. परिशोधनतथा अन्य 2016, का .नं .एफ .सं .सं .ज्ञा. 16/83/201303 बीओआई दिनांक-.09. .स .का पत्र एफ 201316/51/201228 बीऔ आई दिनांक-.04. 2015 (भारत सरकार के दिशानिर्देश के अनुसार), भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (इसके बाद भारत सरकार दिशानिर्देश कहा जाएगा) के गैर25 सरकारी निदेशक पर विचार करने हेतु दिनांक-.03. तथा दिनांक 2015 08.07.जारी दिशानिर्देशों के साथ पढ़े तथा आगे परिशोधन 2016 तथा विभिन्न अधिनियम के लागू अन्य प्रावधान के अनुसार निदेशक के रूप में चुनाव के लिए उम्मीदवार के नामांकन का प्रावधान मान्य होगा बशर्तेकि :

क) शेयरधारक वह है, जो शुक्रवार,09 .02.2018, जो चुनाव में भाग लेने के लिए निर्दिष्ट तिथि है, को बैंक में 100 से कम(एक सौ) शेयर नहीं रखता है तथा आम बैठक, अर्थात सोमवार, 12.03.2018 तक और तथा यदि चुने जाने पर उसके कार्यकाल के अंत तक, न्यूनतम शेयर जारी रखता है। 100

ख) शुक्रवार,23 .02.को 2018, (नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि) वह अधिनियम / विनियमन / योजना / भारिबैंक अधिसूचनाओं के अंतर्गत निदेशक होने के लिए अयोग्य नहीं है;

ग) नामांकन इस अधिनियम के अधीन निदेशकों को चुनने का हक रखने वाले कम से कम एक सौ शेयरधारकों या उनके द्वारा विधिवत नियत वकील द्वारा हस्ताक्षरित नामांकन लिखित रूप में हो, परंतु यह कि कोई शेयरधारक-, जो एक कंपनी हो, कथित कंपनी के निदेशकों के संकल्प द्वारा नामांकन किया जा सकेगा और जहाँ ऐसा किया गया हो, उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा संकल्प कंपनी के निदेशकों के संकल्प की प्रति को सही प्रति के रूप में सत्यापित कर बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, शेयरधारक एवं निवेशक संबंध कक्ष, प्रधान कार्यालय, डॉपट्टाभि भवन.,5 -9-11, सैफाबाद, हैदराबाद प्रति को संबंधित को प्रेषित किया जाना है और उक्त 004 500 कंपनी की ओर से नामांकन के रूप में माना जाएगा ।

घ) शेयरधारकों द्वारा नामांकन (न्यूनतम 100) उम्मीदवार की घोषणा के साथ किसी न्यायाधीश, दंडाधिकारी, आश्वासनों के रजिस्ट्रार या सब रजिस्ट्रार या किसी अन्य राजपत्रित अधिकारी या भारतीय रिज़र्व बैंक या किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के अधिकारी के समक्ष हस्ताक्षरित सूचना के साथ संलग्न घोषणा एवं नामांकन के नमूना फार्म के अनुरूप एक घोषणा पत्र हो कि वह नामांकन स्वीकार करता है और चुनाव के लिए खड़े होने का इच्छुक है और यह कि इस अधिनियम के तहत या बैंकिंग विनियमन अधिनियम अथवा अधिनियम अथवा योजना अथवा विनियमन अथवा भारिबैंक अधिसूचना अथवा भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार निदेशक बनने के लिए अयोग्य नहीं ठहराया गया है ।

ङ) नामांकन फार्म और घोषणा फार्म विनियम में यथा निर्धारित और संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार हो (प्रोफार्मा बैंक की वैबसाईट www.andhrabank.in में "निवेशक कोना" टैब में भी उपलब्ध है ।)

<u>नामांकन फार्मों का प्रस्तुतीकरण</u>

बैंक के निदेशक हेतु चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक शेयरधारक जो ऊपर उल्लिखित शर्तों के अनुसार अर्हता प्राप्त हैं, द्वारा निम्नलिखित प्रस्तुत किया जाए :

क) विधिवत् भरा हुआा घोषणा फार्म

ख) चुनाव में भाग लेने के लिए पात्र न्यूनतम सौ शेयरधारकों से नामांकन

ग) व्यक्तिगत सूचना, घोषणा और संबंधित प्रलेखों के साथ वचन पत्र, प्रमाणडाटा-पत्र यथा बायो-, शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि के प्रमाणपत्र-

सूचना से संलग्न फार्मेट में बंद लिफाफे में सभी पहलुओं में संपूर्ण संबंधित प्रलेखों के साथ असाधारण आम बैठक के लिए शुक्रवार, **23.02.2018** शाम 5.समय से पूर्व किसी भी कार्य -बजे को या उससे पहले बैंक के कार्य 00 दिवस को(याने कि आम बैठक की तिथि से दिन से कम न हो 14) बैंक के प्रधान कार्यालय में उप महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव, शेयरधारक एवं निवेशक संबंध कक्ष, प्रधान कार्यालय, डॉट्टाभि भवनप.,5 -9-11, सैफाबाद, हैदराबाद थात किए जाएं अन्यमें प्रस्तु 004 500, नामांकन अस्वीकार कर दिए जाएंगे ।

<u>नामांकन की जाँच</u>

(i) नामांकनों की जाँच बैंक द्वारा प्राप्ति की निर्धारित अंतिक तारीख के बाद प्रथम कार्य दिवस याने सामवार, 26.02.2018 को की जाएगी और यदि कोई नामांकन वैध नहीं पाया जाता है, उसका कारण उल्लिखित करने के बाद उसे अस्वीकार किया जाएगा ।

(ii) भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना दिशानिर्देशों के अनुसार बोर्ड की नामांकन समिति द्वारा उनके /'योग्य और उचित स्थिति' को निर्धारित करने के लिए नामांकन भी जांच के अधीन होगा, नामांकन समिति सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैरसरकारी निदेशक के लिए लागू भारत सरकार द्वारा जारी केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया पर भी - विचार कर सकती है ।

(iii) यदि चुनाव में दो रिक्त पदों के लिए केवल एक या दो वैध नामांकन हों, तो नामांकित उम्मीदवार को निर्वाचित माना जाएगा और उसका नाम और पता ऐसे निर्वाचित रूप से प्रकाशित किया जाएगा। ऐसी घटना में असाधारण आम बैठक रद्द की जाएगी । हालांकि, निर्वाचित उम्मीदवार केवल 14.03.से पद ग्रहण करेंगे और धारणा 2018 की तारीख से तीनवर्ष की अवधि के पूरा होने तक, अर्थात 13.03.तक कार्यालय में रहेंगे । 2021

(iv) यदि वैध नामांकन दो से अधिक हे, तो उम्मीदवारों के नाम को पत्रिकाओं में प्रकाशित किया जाएगा और चुनाव आयोजित किए जाएंगे और जिन उम्मीदवारों को अधिक, अर्थात बैठक में दूरदराज के ईवोटिंग और बैठक में - ल राशिवोटिंग की कु, वोट मिलेगा, उनको निर्वाचित माना जाएगा तथा उनके नाम पत्रिकाओं में प्रकाशित किया जाएगा ।

(v) बैंक नामांकन की जांच के समय या बोर्ड की नामांकन समिति द्वारा सूचित अनुसार, उम्मीदवारी की उम्मीदवारी के समर्थन में उम्मीदवारों से अधिक जानकारी, प्रलेख मांग सकता है ।

<u>चुनाव विवाद</u>

चुनाव विवाद, यदि कोई हो, तो विनियमन के नियम के अनुसार निपटाया जाए । 67

<u>नामांकन वापस लेना</u>

उम्मीदवार गुरुवार,बजे को या उससे पूर् 5 को 2018 मार्च 08 व कंपनी सचिव, शेयरधारक एवं निवेशक शिकायत कक्ष, प्रधान कार्यालय, डॉपट्टाभि भवन.,5 -9-11, हैदराबाद न क्षरित पत्र भेजते हुए अथवा स्कैको हस्ता 004 500 म सेमेल के माध्य-क्षरित पत्र ईएवं हस्ताmbd@andhrabank.co.in अथवा rayar@andhrabank.co.in को भेजते हुए अपना नाम वापस ले सकते हैं । प्रधान कार्यालय में तेलंगाना को प्रेषित किया जाना है और उक्त प्रति को संबंधित कंपनी की ओर से नामांकन के रूप में माना जाएगा ।

<u>प्रासंगिक भाग</u>

शेयरधारकों के लाभ के लिए लागू अधिनियम दैशों के भारत सरकार के दिशानि / अधिसूचना / विनियम / योजना / प्रासंगिक भाग बैंक की वेबसाइटwww.andhrabank.in पर उपलब्ध हैं । चुनाव में भाग लेने वाले इच्छुक शेयरधारक उसे डाउनलोड कर सकते हैं अथवा बैंक के कंपनी सचिव को mbd@andhrabank.co.in पर लिखते हुए इसे प्राप्त कर सकते हैं ।

निदेशकों की रुचि

यह माना जाएगा कि नामांकन फाइल करने वाले निदेशकों को ऊपर उल्लिखित व्यवसाय मद में संबंध अथवा रुचि है ।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते आन्ध्रा बैंक

स्थान हैदराबाद :
दिनांक 25.01.2018

(रुचि रंगारी)
कंपनी सचिव

घोषणा

(उम्मीदवार द्वारा)

(विनियमों के विनियम 65 का संदर्भ लें)

मैं, श्री/श्रीमती ..... सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी/श्री/श्रीमती ..... का निवासी एतद्द्वारा पुष्टि करता हूं/करती हूं कि

क. मैं शुक्रवार, 09.02.2018 याने चुनाव (नामित करने/लड़ने) में भाग लेने हेतु निर्दिष्ट तिथि को बैंक के 10/- रु प्रत्येक के ईक्विटी शेयर रखने वाला शेयरधारक हूं तथा चुने जाने पर अपनी अवधि की समाप्ति तक 100 ईक्विटी शेयर रखूंगा तथा

